राजस्थान राज्य मानव अधिकार आयोग
जयपुर

राजस्थान राज्य मानव अधिकार आयोग

वार्षिक प्रतिवेदन
2009–2010

प्राक्कथन

राजस्थान राज्य मानव अधिकार आयोग का इसके गठन से ही यह प्रयास रहा है कि राज्य की आम जनता को उनके अधिकारों के प्रति अधिक से अधिक जागरूक करने के साथ–साथ लोक सेवकों को समर्पित भाव से कर्तव्यों का निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया जाये। यह सही है कि प्रत्येक नागरिक की मानवाधिकारों के हनन से बचाने के लिए यह आयोग बनाया गया है। अब तक राज्य के लोक सेवकों को यह सोच थी कि यह आयोग उन पर थोपा गया है, परन्तु आयोग द्वारा यह बताने पर कि यह आयोग कोई समानान्तर कोर्ट/सरकार नही है, अपितु यह तो लोक सेवकों से अपने–अपने कार्य निष्ठा और संवेदनशीलता से करने की अपेक्षा करता है और आयोग तो सुशासन में ही मददगार है। पिछले करीब 5 वर्षो के निरन्तर प्रयास से अब उनकी सोच में धीरे–धीरे बदलाव आ रहा है।

आयोग द्वारा शिकायतों की सुनवाई के अलावा समय–समय पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों से विचार–विमर्श किया जाकर आवश्यक निर्देश दिए जाते हैं। आमतौर पर देखने में आता है कि समृद्व लोग तो अपने अधिकारों की रक्षा करने एवं मानवाधिकारों के हनन को रोकने में सक्षम है, किन्तु हमें हर वर्ग, खास तौर पर पीडित, दलित एवं कमजोर वर्ग के साथ–साथ बच्चों एवं महिलाओं के अधिकारों के संरक्षण की बात भी ध्यान में रखनी होगी। इसलिए हमें अहम् भाव नहीं रख कर सेवा भाव, मानवीय दृष्टिकोण, संवेदशीलता एवं सद्भावना से कार्य करना होगा।

विविध कानूनी व अन्य विषयों पर 32 लेखों के माध्यम से जागरूकता का लघु प्रयास किया गया। आयोग द्वारा 18 बुकलेट्स प्रकाशित की गई है, जो स्कूल लाइब्रेरीज में भेजी गई। यह भी खुशी की बात है कि कई स्कूलों में जीरो ऑवर के दौरान बच्चों को इन विषयों की जानकारी दी जा रही है। जिनमें से कुछ को पुनः प्रकाशित करवाया गया है। कई व्यक्तियों ने कुछ बुकलेट्स को आयोग की अनुमति से अपने प्रियजनों की याद में करीब 6000 पुस्तकों को पुनः प्रकाशित करवाया। इसके अलावा अन्य बुकलेट्स जैसे–महिलाओं के कानूनी अधिकार, बालकों के अधिकार, दलितों के अधिकार, गिरफ्तारी, *HIV AIDS, Human Rights* मानवाधिकार और कर्तव्य, मानवाधिकार व जैन धर्म, राज्य के विभिन्न जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों, धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं, स्कूलों द्वारा 80,000 पुस्तकों का प्रकाशन कर आमजन को निःशुल्क वितरित किया गया। इस पुनीत कार्य में उक्त संस्थाओं का प्रदेश के नागरिकों में मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

यही बात हमारे देश के संविधान की प्रस्तावना, लोगों की मूल भावना और लोकतंत्र की मंशा of the people, for the people, by the people के अनुरूप भी है, जिसमें देश के हर व्यक्ति को अपने अधिकारों की रक्षा करने के साथ–साथ कर्तव्यों के प्रति समर्पित रहने की भी अपेक्षा की गई है। तभी हम संविधान के लक्ष्य को प्राप्त करने में सफल होंगे और प्रत्येक व्यक्ति को स्वतंत्रता का लाभ मिलेगा। इसलिए जैसा व्यवहार हम दूसरों से हमारे लिये चाहते हैं, वैसा ही व्यवहार हमें दूसरों के साथ भी करना होगा।

मानवाधिकारों के प्रचार–प्रसार के साथ–साथ भारतीय संविधान के आर्टिकल– 51ए की मंशा के अनुरूप लोगों को अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पित रहने के लिए आयोग द्वारा शुरू की गई मुहिम के तहत् कई स्कूलों में सुबह की प्रार्थना के समय यह संकल्प दोहराया जा रहा है। इसके अलावा आयोग की अपील पर विभिन्न शिक्षण संस्थाओं, धार्मिक संस्थाओं, जयपुर नगर निगम तथा स्वयंसेवी संस्थाओं ने भी अपने कार्य के साथ–साथ इस जन जागरूकता कार्यक्रम में जुडकर लोगो को अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया। छात्रों को प्राथमिक शिक्षा से ही यह संकल्प दोहराना अनिवार्य होना चाहिए ताकि उनमें बाल्यावस्था से ही देश एवं संविधान के प्रति आदरभाव, मानवीय मूल्यों को समझने के संस्कार बनें। साथ ही, कर्तव्यों के प्रति समर्पिता की भावना जागृत हो। मेरे मतानुसार इस मुहिम में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, तथा सीबीएसई का योगदान बहुत महत्व रखता है। इसी क्रम में, लगभग 95 संस्थाओं द्वारा इस प्रारूप के 80000 से ज्यादा कलेण्डर्स और 50000 के करीब पेम्पलेट्स छपवा कर राज्य भर में अपने कार्यक्रमों के दौरान बंटवाये व कुछ संस्थाओं ने करीब 4000 व्यक्तियों को ई–मेल भेजकर इस अभियान में सहयोग कर आयोग को अवगत कराया है। आयोग उनके इस कार्य की भूरि–भूरि प्रशंसा करता है। आयोग द्वारा प्रकाशित 'त्रैमासिक न्यूज लेटर' के माध्यम से भी आयोग के कार्यकलापों को अधिक से अधिक जानकारी देने का

प्रयास किया जा रहा है। 18 लघु पुस्तिकाएँ दिशा–निर्देश व अन्य गतिविधियों की एक कन्सोलिडेटेड किताब ''मानवीय मूल्य, कर्तव्य एवं अधिकार'' विभिन्न स्कूलों कॉलेजों व विश्वविद्यलयों को निःशुल्क उपलब्ध करायी जा रही हैं। विगत करीब पांच वर्षो में आयोग द्वारा 16 न्यूजलेटर्स के अंक प्रकाशित करवाये जा चुके है। आयोग ने अपने 5 साल के कार्यकाल में 7 (दो पूर्व के वर्षो सहित) वार्षिक प्रतिवेदन राज्य सरकार प्रेषित किए हैं।

इसके अलावा विभिन्न लॉ कॉलेज/यूनिवर्सिटी के 40 छात्र–छात्राओं ने आयोग में इन्टर्नशिप के दौरान अपने–अपने विभिन्न विषयों पर प्रोजेक्ट्स तैयार किए। उनके द्वारा प्रोजेक्ट विभिन्न विषयों पर word files तैयार की। कुछ विद्यार्थियों ने अन्य 14 विषयों पर व फिर 7 विषयों पर जैसे महिलाओं के अधिकार, बालको के अधिकार, दलितों के अधिकार, गिरफ्तारी, बाल श्रम, पर्यावरण, रेगिंग, वूमेन ट्रेफिकिंग, कैंसर, एचआईवी एड्स, जुवेनाइल जस्टिस, फीमेल फॉर्टीसाइट, आर्टिकल–51ए, आयोग, आयोग की गतिविधियों व दिशा–निर्देश आदि पर **पॉवर पाइंट प्रोजेक्ट्स** तैयार किये। आयोग ने 14 विषय की (Consolidated) सी.डी. व फिर 7 विषयों की (Consolidated) सी. डी. तैयार की। विद्यार्थियों की अपनी विभिन्न विषयों पर बनाई सी.डी. सम्बन्धित लॉ कॉलेज/यूनिवर्सिटी में दिखाई जा रही हैं। साथ में करीब **23 संस्थाओं** ने आयोग द्वारा उपलब्ध कराई गई (Consolidated) सी0डी0 का अपने विभिन्न कार्यक्रमों में आमजन को विविध जानकारी के साथ प्रोजेक्टर पर प्रदर्शन करवाकर विद्यार्थी व आम नागरिकों को अवगत कराने में जो महत्वपूर्ण सहयोग दिया जा रहा है, प्रशंसनीय है।

आयोग को पूर्ण विश्वास है कि इस तरह के प्रचार प्रसार से ground realties की जानकारी मिलेगी। विद्यार्थियों तथा लोक सेवकों के साथ–साथ आमजन में भी नैतिकता व अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पण एवं देश के प्रति त्याग की भावना का अधिक से अधिक विकास होगा।

मेरा मानना है कि सिर्फ सरकार, कानून बनाने व कानूनी प्रक्रिया से ही यह सब संभव नहीं है। इसलिए सरकार की दृढ इच्छाशक्ति और आम जनता को जागरूक रहकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण क्षमता और निष्ठा के साथ कर हम सबको सहयोग देते हुए कार्य करना होगा।

आयोग में पिछले 56 महीनों में करीब 17100 परिवाद प्राप्त हुए। जिनमें से 16050 के ल्रगभग परिवादों का तर्कसंगत निष्कर्ष निकाल कर निस्तारण किया गया। इस वर्ष 3251 दर्ज हुए जिनमें 2714 का निस्तारण किया गया व 31.3.2010 को 537 शेष रहे। वेसे नये, पुनः सुनवाई व पुराने 921 शेष परिवाद आयोग के समक्ष लम्बित हैं। अबतक लगभग 200 दिशा–निर्देशों में से राज्य सरकार के सम्बन्धित विभागो ने करीब 160 मामलों में कियांन्विति कर आयोग को सूचित किया। परन्तु शेष व *Recurring Cause of Action* वाले मामले बाकी हैं। कल्याणकारी राज्य में कार्यरत सभी लोक सेवकों की जिम्मेदारी है कि वो आमजन के मानवाधिकारों हनन को रोकने में तत्परता से सहयोग दें, संवेदनशीलता रख आमजन की समस्याओं का निराकरण कर सुशासन प्रदान करें।

लोकतंत्र में मिडिया की भूमिका का भी बहुत महत्व है। अतः आयोग मिडिया से भी जनसाधारण में सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने हेतु अधिकाधिक सहयोग की अपेक्षा करता है।

अतः सरकार के साथ–साथ सभी वर्ग के लोगों से मानवाधिकार आयोग की अपेक्षा है कि वे मानवाधिकारों का संरक्षण करें,। यह किसी का अधिकार है तो किसी का कर्तव्य। दोनों की पालना समान रूप से करनी चाहिए। इसी से मानवाधिकारों के प्रति संवेदनशीलता जागृत होगी और तभी हम देश की एकता एवं अखण्डता को अक्षुण्ण बनाये रखने में सहायक होंगे।

अंत में, मानवाधिकारों के संरक्षण, संवर्धन व जागरूकता के कार्यक्रम में सभी महानुभाव बंधुओं के सहयोग व योगदान के साथ–साथ राज्य सरकार व सभी विभागों, आयोग के माननीय सदस्यों, अधिकारियों/कर्मचारियों, सभी संस्थाओं एवं पत्रकार बंधुओं का मैं मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष की हैसियत से तहेदिल से आभार प्रकट करता हूँ।

''अधिकारों के प्रति जागरूक रहो – कर्तव्यों के प्रति समर्पित रहो।''

– न्यायमूर्ति एन0के0 जैन
अध्यक्ष

अनुक्रमणिका

क्रम सं.	विवरण	पृष्ठ संख्या
1.	प्राक्कथन	–
2.	आयोग के माननीय अध्यक्ष, माननीय सदस्यगण एवं अधिकारियों की सूची	1
3.	आयोग में स्वीकृत पद	2
4.	वित्तीय प्रावधान एवं वास्तविक व्यय	2
5.	विचाराधीन प्रकरणों का विवरण	3–5
6.	महत्वपूर्ण आदेश/ निर्देश	6–12
7.	महत्वपूर्ण निर्णय	13–25
8.	विभिन्न विभागों को की गई अभिशंषायें	26
9.	आयोग द्वारा विभिन्न विभागों का उनके नियमित कार्यो की निरन्तर मोनिटरिंग करने बाबत् निर्देश	27–28
10.	माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत	29–35
11.	अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम	36
12.	एन0एच0आर0सी0 एवं एच0सीएम0 रीपा/पुलिस एकेडमी के सहयोग से आयोजित ट्रेनिगं प्रोग्राम	37
13.	मानवाधिकारों से सम्बन्धित सामग्री का जनहित में प्रकाशन	38
14.	आर्टिकल–51 ए में वर्णित मूल कर्तव्यों के प्रति जागरूकता अभियान	39–41
15.	प्रोजेक्टर के माध्यम से पॉवर पाइंट प्रोजेक्टस का जनजागरूकता अभियान	42
16.	विभिन्न लॉ कॉलेज/विश्वविद्यालयों के छात्र–छात्राओं की इन्टर्नशिप	43
17.	इन्टर्नशिप के दौरान तैयार किए गये प्रोजेक्ट्स	44
18.	आयोग द्वारा करवाये गये निरीक्षण	45
19.	टेलिफोन नम्बर व आवास का पता	46

राजस्थान राज्य मानव अधिकार आयोग, जयपुर

01–4–2009 31–3–2010 तक आयोग में कार्यरत माननीय अध्यक्ष, माननीय सदस्यगण एवं अधिकारीगण का विवरण

क्रम सं.	अधिकारी का नाम	पद	अवधि
1.	जस्टिस श्री नगेन्द्र कुमार जैन	अध्यक्ष	16.7.2005 से लगातार
2.	जस्टिस श्री जगत सिंह	सदस्य	10.10.05 से लगातार
3.	श्री धर्म सिंह मीणा	सदस्य	07.07.05 से लगातार
4.	श्री पुखराज सीरवी	सदस्य	15.04.06 से लगातार
5.	श्री एन0आर0 यादव	सचिव	24.10.08 से 28.2.2010
6.	श्री एन0 मौरिस बाबू	आई.जी.पुलिस	07.04.07 से 05.07.09
7.	श्री के नरसिम्हाराव	आई.जी.पुलिस	06.07.09 से लगातार
8.	श्री श्यामलाल गुप्ता	उप सचिव	07.01.09 से लगातार
9.	श्री विक्रम प्रकाश शर्मा	उप पंजीयक	10.08.07 से लगातार

नोट :– राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग एवं अन्य राज्यों के मानव अधिकार आयोगों की तर्ज पर इस आयोग में लीगल विंग न होने, योग्यताधारी कम्प्यूटरकर्मियों एवं उपकरणों की कमी तथा कार्यालय कर्मियों के पदों की कमी होने के कारण आयोग के कार्यो को सुचारू रूप से लागू करने में कठिनाइयां आ रहीं हैं। प्रतिवेदन 2003–04 से 2008–09 तक की रिपोर्ट्स में भी इस ओर सरकार का ध्यान आकर्षित किया गया, परन्तु इस सम्बन्ध में राज्य सरकार द्वारा अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है और ना ही अभी तक आयोग को *Financial Autonomy* दी गई है।

आयोग में वर्ष 2009–10 में स्वीकृत/कार्यरत पदों का विवरण

क्र. सं.	पद का नाम	स्वीकृत	कार्यरत	रिक्त	वेतनमान
1.	अध्यक्ष	1	1	—	90,000/— स्थिर
2.	सदस्य	3	3	—	80,000/— स्थिर
3.	सचिव	1	1	—	
4.	महानिरीक्षक पुलिस	1	1	—	37400 — 67000
5.	उप सचिव	1	1	—	15600 — 39100
6.	उप पंजीयक	1	1	—	15600 — 39100
7.	निजी सचिव	5	3	2	9300 — 34800
8.	कनिष्ठ लेखाकार	1	1	—	9300 — 34800
9.	कार्यालय अधीक्षक	1		1	9300 — 34800
10.	निजी सहायक	4	3	1	9300 — 34800
11.	कम्प्यूटर ऑपरेटर	1	1	—	9300 — 34800
12.	व0 लिपिक	6	6	—	9300 — 34800
13.	क0 लिपिक	4	4	—	9300 — 34800
14.	वाहन चालक	5	4	1	9300 — 34800
15.	च0श्रे0कर्मचारी	10	10	—	5200 — 20200
16.	होमगार्ड/ भूतपूर्व सैनिक	3	3	—	

राजस्थान राज्य मानव अधिकार आयोग के कार्यो के संचालन हेतु राजस्थान सरकार द्वारा उपलब्ध कराया गया वित्तीय प्रावधान एवं वास्तविक व्यय

(रूपये लाखों में)

क्र.सं.	बजट शीर्ष		उपमद	वर्ष 2009–10	
				आबंटित प्रावधान	वास्तविक व्यय
1.	2235	सामाजिक सुरक्षा तथा कल्याण	वेतन भत्तें	155.00	158.62
			अन्य व्यय	20.41	20.39

राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग

1 अप्रेल 2009 से 31 मार्च 2010 तक की पंजीयन, निर्णित एवं विचाराधीन प्रकरणों का विवरण

क.सं.	जिले का नाम	कुल प्राप्त प्रकरण	प्रथम दृष्टया निस्तारित प्रकरण	बिना प्रतिवेदन मंगाये प्राथमिक जांच के उपरांत सनिदेश निस्तारित प्रकरण	जांच के उपरांत निस्तारित प्रकरण	परिवादी को अनुतोष देने एवं राज्य सरकार को अनुशंसित प्रकरण	कुल निस्तारण (4+5+6+7)	विचाराधीन प्रकरण (3-7)
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	अजमेर	118	26	42	30	0	98	20
2	अलवर	174	28	51	68	1	148	26
3	बांरा	40	11	16	4	0	31	9
4	बांसवाड़ा	32	4	14	8	0	26	6
5	बाड़मेर	76	9	34	25	0	68	8
6	भरतपुर	163	40	50	36	0	126	37
7	भीलवाड़ा	126	20	66	16	0	102	24
8	बीकानेर	103	20	35	22	0	77	26
9	बूंदी	80	21	27	19	0	67	13
10	चित्तोड़गढ़	60	12	27	14	0	53	7
11	चूरू	30	11	5	9	0	25	5
12	दौसा	83	16	23	24	0	63	20
13	धोलपुर	72	8	30	22	0	60	12
14	डूंगरपुर	27	7	14	5	0	26	1
15	हनुमानगढ़	76	29	29	11	0	69	7
16	श्री गंगानगर	98	39	20	11	0	70	28
17	जयपुर	651	190	200	148	9	547	104
18	जैसलमेर	16	1	5	4	1	11	5
19	जालौर	35	4	16	13	0	33	2
20	झालावाड़	141	42	67	17	1	127	14
21	झुन्झुनू	92	9	42	24	0	75	17
22	जोधपुर	105	20	36	26	0	82	23
23	करौली	46	11	21	8	0	40	6
24	कोटा	113	33	37	15	0	85	28
25	नागौर	68	3	24	27	2	56	12
26	पाली	115	16	57	27	0	100	15
27	राजसमन्द	40	13	17	9	0	39	1
28	स.माधोपुर	58	16	19	15	0	50	8
29	सीकर	97	39	38	11	0	88	9
30	सिरोही	57	5	33	15	0	53	4
31	टोंक	67	13	20	22	0	55	12
32	उदयपुर	114	40	26	26	2	94	20
33	प्रतापगढ	66	26	19	15	0	60	6
34	राज्य से बाहर	12	4	5	1	0	10	2
	Total	**3251**	**786**	**1165**	**747**	**16**	**2714**	**537**

राजस्थान राज्य मानव अधिकार आयोग

1 अप्रेल, 2009 से 31 मार्च, 2010 तक कुल प्राप्त प्रकरणों से सम्बन्धित घटनाओं का जिलेवार /विषयवार वर्गीकरण

जिले का नाम		बालक से सम्बन्धित (100.01 से 100.07)	स्वास्थ्य (2001 से 200.03)	जेल से सम्बन्धित (300.01 से 300.07	आपराधिक गिरोह (400.01 से 400.03)	श्रमिकों सम्बन्धित (500.01 से 500.06)	अल्पसंख्यक व अन्य (600.01 से 600.03)	पुलिस से सम्बन्धित (700.01 से 700.19)	प्रदूषण (800.01 से 800.02)	धर्म/समुदाय से सम्बन्धित (900.01 से 900.05)	महिलाओं से सम्बन्धित (1000.01 से 1000.10)	विविध (1001.01 से 1001.03)	ग्रहण नहीं करने योग्य प्रकरण (1002.01 से 1002.11)	जिलेवार कुल प्रकरण
1		2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14
1	अजमेर	0	0	7	7	0	6	19	0	1	4	14	60	118
2	अलवर	1	0	3	3	1	10	75	1	1	10	9	60	174
3	बांरा	0	0	0	2	0	1	9	0	1	3	10	14	40
4	बांसवाड़ा	0	0	0	4	0	0	3	0	0	3	3	19	32
5	बाड़मेर	1	0	0	4	0	6	16	0	0	5	8	35	75
6	भरतपुर	0	0	8	16	0	6	40	2	0	4	17	70	163
7	भीलवाड़ा	0	0	3	6	0	5	26	1	0	0	9	77	127
8	बीकानेर	0	0	0	5	0	5	10	0	0	2	25	56	103
9	बूंदी	0	0	2	9	0	1	18	0	2	4	6	38	80
10	चित्तोड़गढ़	0	0	0	4	0	5	11	0	0	2	7	31	60
11	चूरू	0	0	0	3	0	2	6	0	0	1	6	12	30
12	दौसा	2	0	1	9	0	5	21	0	0	4	10	31	83
13	धोलपुर	0	0	1	7	0	9	18	0	0	1	5	31	72
14	डूंगरपुर	0	0	0	5	0	2	6	0	0	4	1	9	27
15	हनुमानगढ़	0	0	0	3	0	1	22	0	0	3	8	39	76
16	श्री गंगानगर	1	0	2	6	0	5	13	0	0	2	16	53	98
17	जयपुर	8	1	28	20	1	7	168	2	2	31	89	294	651
18	जैसलमेर	0	0	0	0	0	2	1	0	1	0	4	8	16
19	जालौर	0	0	0	0	0	3	10	0	0	1	2	19	35
20	झालावाड़	0	0	1	7	0	2	55	0	0	10	19	47	141

जिले का नाम		बालक से सम्बन्धित 100.01 से 100.07)	स्वास्थ्य (2001 से 200.03)	जेल से सम्बन्धित (300.01 से 300.07	आपराधिक गिरोह (400.01 से 400.03)	श्रमिकों सम्बन्धित (500.01 से 500.06)	अल्पसंख्यक व अन्य (600.01 से 600.03)	पुलिस से सम्बन्धित (700.01 से 700.19)	प्रदूषण (800.01 से 800.02)	धर्म/समुदाय से सम्बन्धित (900.01 से 900.05)	महिलाओं से सम्बन्धित (1000.01 से 1000.10)	विविध (1001.01 से 1001.03)	ग्रहण नहीं करने योग्य प्रकरण (1002.01 से 1002.11)	जिलेवार कुल प्रकरण
1		2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14
21	झुन्झुनू	0	0	0	1	0	1	28	0	0	7	19	36	92
22	जोधपुर	2	0	3	3	0	0	20	0	1	8	18	50	105
23	करौली	0	0	1	1	0	1	8	0	0	5	8	22	46
24	कोटा	0	0	5	3	1	1	36	0	0	5	23	39	113
25	नागौर	0	2	1	3	0	1	18	0	0	2	8	33	68
26	पाली	0	0	0	5	0	1	11	0	5	3	14	76	115
27	राजसमन्द	0	0	1	2	0	1	7	0	1	1	4	23	40
28	स.माधोपुर	0	0	1	4	0	0	12	0	0	2	15	24	58
29	सीकर	1	0	0	8	0	1	23	1	0	2	7	54	97
30	सिरोही	0	1	4	2	0	0	7	0	1	0	5	37	57
31	टोंक	0	1	1	3	0	4	18	1	1	4	11	23	67
32	उदयपुर	2	0	23	4	0	1	14	0	1	7	5	57	114
33	प्रतापगढ	0	0	2	2	0	1	17	0	1	2	2	39	66
33	राज्य से बाहर	0	0	0	0	0	0	2	0	0	0	0	10	12
	Total :	18	5	98	161	3	96	768	8	19	142	407	1526	3251

राजस्थान राज्य मानव अधिकार आयोग

1 अप्रेल, 2009 से 31 मार्च, 2010 तक कुल प्राप्त प्रकरणों से सम्बन्धित घटनाओं का जिलेवार /विषयवार वर्गीकरण

जिले का नाम	बालक से सम्बन्धित 100.01 से 100.07)	स्वास्थ्य (2001 से 200.03)	जेल से सम्बन्धित (300.01 से 300.07	आपराधिक गिरोह (400.01 से 400.03)	श्रमिकों सम्बन्धित (500.01 से 500.06)	अल्पसंख्यक व अन्य (600.01 से 600.03)	पुलिस से सम्बन्धित (700.01 से 700.19)	प्रदूषण (800.01 से 800.02)	धर्म/समुदाय से सम्बन्धित (900.01 से 900.05)	महिलाओं से सम्बन्धित (1000.01 से 1000.10)	विविध (1001.01 से 1001.03)	ग्रहण नहीं करने योग्य प्रकरण (1002.01 से 1002.11)	जिलेवार कुल प्रकरण
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14
Total :	5	2	59	26	1	22	199	4	5	28	116	70	537

राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग के वर्ष 2009–2010 के कुछ महत्वपूर्ण निर्णय एवं दिशा–निर्देश

<u>पुलिस से सम्बन्धित</u>

1. परिवाद संख्या– 09/17/16 में भ्रष्टाचार निरोधक विभाग द्वारा सर्च, सीज एवं गिरफ्तारी के समय प्रोसिजर फॉलो नहीं करने के सम्बन्ध में आयोग द्वारा सभी पुलिसकर्मियों से रूल ऑफ लॉ मेन्टन करने के लिए ऐसा प्रोसिजर फॉलो करने की अपेक्षा की गई।

2. परिवाद संख्या– 08/17/1312 में एक वृद्व दम्पत्ति को उसी के पुत्र–पुत्रवधु द्वारा परेशान करने के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक, जयपुर पूर्व को नियमानुसार कानूनसम्मत कार्यवाही करने के निर्देश दिए गये।

3. परिवाद संख्या– 09/17/278 में पुलिस अधीक्षक से अपेक्षा की गई कि वे मामले में तत्परता लाकर गुमशुदा का तलाश का हर संभव प्रयास करेंगे।

4. परिवाद संख्या– 09/17/700 व परिवाद संख्या– 09/17/1003 में परिवादी को हैरान परेशान करने पर गैर सायलान को धारा– 107/116 दं0प्र0सं0 में पाबन्द कर आयोग को **सूचित** किया गया।

5. परिवाद संख्या– 09/17/624 में पुलिस अधीक्षक जयपुर (उत्तर) जयपुर द्वारा परिवादिया को बिजली मुहैया कराने का माकूल इन्तजाम कर आयोग को **सूचित** किया गया।

6. परिवाद संख्या– 08/09/3836 में पुलिस थाना– नैनंवा के अपचारी पुलिसकर्मी को आयोग के निर्देशानुसार 17 सी0सी.ए0 की कार्यवाही में परिनिन्दा के दण्ड से दंडित कर **सूचित** किया गया।

7. परिवाद संख्या– 09/10/561 में एक मासूम बालक को चोरी के मामले में पकड कर खंभे से बांधने और फिर उस लडके के गायब हो जाने के मामले में पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ को निर्देश दिए गये कि वे बाल के मिलने के उपरान्त कथनानुसार वैधानिक कार्यवाही करें।

8. परिवाद संख्या– 09/17/52 में पुलिस अधीक्षक, जयपुर पूर्व, जयपुर को आयोग को सही रिपोर्ट भेजने और आयुक्त नगर निगम को नियमानुसार एक्शन लेकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गये।

9. परिवाद संख्या 09/17/1353 एवं 09/17/1482 में वस्तुस्थिति लेने के बाद आयोग के महानिरीक्षक पुलिस को जांच रिपोर्ट के सत्यापन बाबत् निर्देश दिए।

10. परिवाद संख्या– 09/04/2775 में जिला ***पुलिस अधीक्षक, बांसवाडा*** व ***रजिस्ट्रार,, सहकारिता विभाग*** को निर्देश दिए गये कि वे एनएचआरसी के दिशा–निर्देश दिनांक 25 सितम्बर 2009 की पालना करते हुए अपेक्षा की कि वे मानव अधिकार आयोग के मिलते–जुलते नाम से संस्थाओं द्वारा लोगों को गुमराह करने की शिकायत मिलने पर कानूनसम्मत कार्यवाही करें और की गई कार्यवाही से आयोग को **सूचित** करें।

11. परिवाद संख्या– 09/32/1236 व 09/32/1247 में महानिदेशक (पुलिस) व महानिदेशक (जेल) के साथ–साथ पुलिस अधीक्षक उदयपुर व अधीक्षक केन्द्रीय कारागार को निर्देश दिए गये कि वे बंदियों की जेल में, उन्हें कोर्ट ले जाते समय व हवालात में सुरक्षा का पुख्ता इन्तजाम करें और उन तक किसी प्रकार का हथियार ना पहुंचे, इस हेतु प्रभावी उपाय सुनिश्चित करें, जिससे आयंदा हवालात में मारपीट या हत्या की घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो।

12. परिवाद संख्या– 09/33/1604 में पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ को हिदायत दी गई कि परिवादी को धमकी दिए जाने की शिकायत मिलने पर वस्तुस्थिति देखकर कानूनसम्मत कार्यवाही की जाये।

13. परिवाद संख्या– 09/17/1618 में आयोग के निर्देश पर विपक्षी को धारा– 107, 116 दं.प्र.सं. से पाबद किया जाकर **सूचित** किया गया।

14. परिवाद संख्या– 09/02/2447 में पुलिस विभाग से अपेक्षा की गई कि किसी मामले के अनुसंधान के दौरान किसी के किए गये अपराध की garb में अपराधी के रिश्तेदार या आमजन को बिना किसी कारण के परेशान और अमानवीय व्यवहार नहीं करें।

15. परिवाद संख्या– 09/17/1072 में व्यक्ति को पूछताछ के नाम पर गैर कानूनी तौर पर अवरूद्व रखे जाने और मानसिक यंत्रणाऐं दिए जाने की शिकायत पर परिवाद की प्रति पुलिस अधीक्षक, जयपुर ग्रामीण, जयपुर को भेजकर मुकदमा दर्ज करने और अनुसंधान के नतीजे से आयोग को अवगत कराने हेतु निर्देशित किया गया।

16. परिवाद संख्या– 09/17/1075 में यातायात विभाग के पुलिसकर्मी द्वारा बिना हेलमेट मोटरसाईकिल चलाने के मामले में कानि0 मूलाराम के विरूद्व 17 सीसीए की कार्यवाही कर आयोग को **सूचित** किया गया। आयोग ने यातायात पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए गये कि वे ड्यूटी के समय स्वयं भी नियमों की पालना करते हुए कार्यवाही करें।

17. परिवाद संख्या– 09/17/1334 में यातायात पुलिस, नगरनिगम व जे0डी0ए0 को आपसी समन्वय से काम करते हुए स्पीडब्रेकर बनाने सम्बन्धी कार्ययोजना बनाने और निर्धारित मापदण्डों के अनुसार स्पीडब्रेकर बनाने के निर्देश दिए गये।

18. परिवाद संख्या– 09/17/2439 में आयोग के निर्देशानुसार परिवादी व गैरसायलान को धारा– 107, 116 (3) जा0 फौ0 के तहत इस्तगासा पेश कर न्यायालय में पेश किया गया।

<u>नगर निगम/जे. डी. ए. से सम्बन्धित</u>

1. परिवाद संख्या– 09/17/833 में आयुक्त, जयपुर विकास प्राधिकरण एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जयपुर नगर निगम को आपस में समन्वय बनाते हुए कार्य करने के निर्देश दिए गये।

2. परिवाद संख्या– 09/17/834 में आवारा पशुओं के कारण आये दिन सडक पर होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए मुख्य कार्यकारी अधिकारी, नगर निगम को प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गये।

3. परिवाद संख्या– 09/17/2195 में प्रदूषण के एक मामले में आयोग के निर्देशानुसार नगर निगम ने बूचडखाने की बाउण्ड्रीवॉल बनाकर और दुर्गन्धनाशक दवा का इन्तजाम कर आयोग को **सूचित** किया गया।

4. परिवाद संख्या– 08/17/2112 में अतिक्रमण हटाने वाले निगमकर्मियों से अपेक्षा की गई कि वे अतिक्रमण हटाने के अपने अधिकृत कार्य करते समय किसी प्रकार की पक्षपातपूर्ण कार्यवाही नहीं करें।

5. परिवाद संख्या– 09/17/1770 में नगर निगम द्वारा मेनहॉल के सम्बन्ध में अपेक्षित कार्यवाही कर आयोग को **सूचित** किया।

6. परिवाद संख्या– 06/17/1447 में जयपुर की क्षतिग्रस्त सडकों, गन्दगी के ढेर से प्रदूषण और सीवर लाईन की समस्याओं के सम्बन्ध में नगर निगम से स्वास्थ्य सुव्यवस्था के सम्बन्ध में निरन्तर कार्यवाही कर समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए गये।

7. परिवाद संख्या– 08/17/3354 में आयोग के निर्देशानुसार नगर निगम ने कचरे के ट्रांस्फर स्टेशन पर कीटनाशक आदि का छिडकाव करवा कर आयोग को **सूचित** किया।

8. परिवाद संख्या– 09/16/832 में सदस्य सचिव, प्रदूषण नियंत्रण मण्डल जयपुर व मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जयपुर नगर निगम को आपसी समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए गये।

<u>कारागार (जेल) से सम्बन्धित</u>

1. परिवाद संख्या– 09/17/210 में महानिदेशक, कारागार को केन्द्रीय कारागृह, जयपुर में बंदियों के साथ मारपीट होने और जेल में सुरक्षा से सम्बन्धित कानूनसम्मत कार्यवाही करने के निर्देश दिए गये।

2. परिवाद संख्या– 09/17/1829 में ***महानिदेशक (कारागार)*** व प्रमु***ख शासन सचिव, गृह विभाग*** से अपेक्षा की गई कि *The Prisoners (Shortening of Sentences) Rules, 2006* के प्रावधानों के अनुसार आजीवन कारावास की सजा से दंडित बंदियों की शेष सजा माफ कर समय पूर्व रिहा करने के मामले कमेटी के सामने तुरन्त समय पर रखे जाये, जिनका शीघ्र निस्तारण हो सकें।

3. परिवाद संख्या– 09/33/2886 में ***प्रमुख शासन सचिव, गृह विभाग, राजस्थान सरकार*** से अपेक्षा की गई कि वह जेल में हो रही अवैध वसूली एवं अमानवीय यातनाऐं देने सम्बन्धी शिकायतों की सत्यता की जांच हेतु विशेषज्ञों की एक कमेटी का गठन करने और जेल प्रशासन से सम्बन्धित नीतियों और कार्यप्रणाली में सुधार हेतु नियमानुसार उचित कार्यवाही करेंगे।

4. परिवाद संख्या– 09/02/606 में आयोग के आदेश की अनुपालना में महानिदेशक एवं महानिरीक्षक कारागार ने परिपत्र दिनांक 11.12.2010 जारी कर जेल की अव्यवस्थाओं पर ध्यान देकर तुरन्त दुरूस्त करने हेतु निर्देश दिए।

5. परिवाद संख्या– 09/17/2532 में जेल परिसर में चल रही गुटबन्दी की रोकथाम और कैदियों की जेल में व पेशी पर ले जाते समय उनकी सुरक्षा के प्रभावी इंतजाम करने हेतु कारागार विभाग को निर्देशित किया गया।

6. परिवाद संख्या– 09/17/2847 में महानिदेशक कारागार को निर्देशित किया गया कि किसी भी कैदी के धार्मिक मामलों में संवेदनशीलता बरती जाये, ताकि कोई आहत न हो।

7. परिवाद संख्या– 09/30/2875 में सी0जे0एम0 सिरोही की रिपोर्ट के अनुसार कारागार में चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होने के बावजूद एक बंदी को समय पर मुहैया न कराने के कारण मृत्यु होने पर महानिदेशक कारागार को वस्तुस्थिति देखकर नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

<u>चिकित्सा एवं स्वास्थ्य से सम्बन्धित</u>

1. परिवाद संख्या–07/17/2260 में ***प्रमुख शासन सचिव– चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर, प्रधानाचार्य एस0एम0एस0 मेडिकल कॉलेज, अधीक्षक– एस0एम0एस0 हॉस्पीटल व माननीय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री*** से यह अपेक्षा की गई कि अस्पतालों में खराब मशीनों को ठीक करवाने के लिए और मेन्टीनेंस के लिए अलग से बजट का प्रावधान रखने का ध्यान रखा जाये ताकि कागजी कार्यवाही में समय बर्बाद ना हो और मरीजों का समय पर ईलाज हो सकें व फिलहाल खराब पडी मशीनों व कलपुर्जो को बदलवाने/ सामग्री उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में कार्यवाही करें।

2. परिवाद संख्या– 09/17/2000 में आयोग द्वारा पूर्व में पारित विभिन्न निर्देशों का उल्लेख करते हुए सवाई मानसिंह चिकित्सालय, जयपुर में ईलाज, साफ–सफाई, मशीनों व कलपुर्जो, ईलाज के आवश्यक सामान की उपलब्धतता, प्रत्येक मंजिल पर समान दर पर जीवन रक्षक दवाईयों की उपलब्धता, ब्लड बैंक में खून की उपलब्धता सम्बन्धी पारदर्शिता, पार्किंग आदि की सुव्यवस्था के सम्बन्ध में सुझाव देते हुए अधीक्षक– सवाई मानसिंह चिकित्सालय, मुख्य सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के साथ–साथ माननीय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री से उचित व्यवस्था करने की अपेक्षा की गई।

3. परिवाद संख्या– 10/17/153 में एक राजकीय चिकित्सक द्वारा रिश्वत मांगने के मामले में प्रिंसिपल एसएमएस कॉलेज को कानूनसम्मत कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

4. परिवाद संख्या– 8/24/3162 में कोटा शहर की रिहायशी कॉलोनियों सहित पूरे प्रदेश के शहरों में की जा रही स्क्रिन प्रिंटिंग के कार्य को बंद करवाने हेतु आयुक्त कोटा नगर निगम व सदस्य सचिव राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, जयपुर को निर्देशित किया गया।

5. परिवाद संख्या– 08/17/1669 में डाक्टर्स द्वारा अधिक फीस वसूलने, रसीद नहीं देने और अभद्र व्यवहार करने के सम्बन्ध में प्रमुख शासन सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को कानूनसम्मत कार्यवाही करने के निर्देश दिए गये।

6. परिवाद संख्या– 07/17/2260 में कैंसर पीडितों के ईलाज से सम्बन्धित मशीनों के खराब होने या पूरी तरह से काम नहीं करने पर पीडितों को होने वाली परेशानी और इन परिस्थितियों में रोगियों को भगवान महावीर कैंसर अस्पताल में रेफर किए जाने के मामलें में लम्बे समय तक कार्यवाही नहीं होने पर आयोग ने इसे अधिकारियों की संवेदनहीनता का द्योतक मानते हुए तुरन्त कार्यवाही के निर्देश दिए।

7. परिवाद संख्या– 10/17/672 में

शिक्षा से सम्बन्धित

1. परिवाद संख्या– 09/17/1051 में भीषण गर्मी में भी छोटे स्कूली बच्चों का स्कूल समय नहीं बदलने, उनके बस्ते का बोझ कम नहीं करने, महंगी फीस के बावजूद स्कूल में पीने का स्वच्छ पानी और टॉयलेट जैसी मूलभूत सुविधाऐं उपलब्ध नहीं कराने आदि बातों के सम्बन्ध में पूर्व आदेश की निरन्तरता में प्रमुख शासन सचिव, शिक्षा विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गये।

2. परिवाद संख्या– 09/17/1220 में बिना मान्यता प्राप्त कॉलेज में हो रही पढाई के सम्बन्ध में कॉलेज प्रशासन, राज्य सरकार व राजस्थान स्वास्थ्य विश्वविद्यालय की संवेदनशीलता को देखते हुए सचिव मानव संसाधन विभाग, केन्द्रीय सरकार, नई दिल्ली को **सूचित** किया गया।

3. माह अक्टूबर 2005 में आयोग ने जवाब चाहा था कि सिर्फ एक दो कमरों में बिना खेल मैदान के स्कूल चलाना वाजिब है? अब परिवाद संख्या 9/17/2560 में सम्बन्धित अधिकारीगण स्कूल प्रशासन, टीचर्स, पेरेन्ट्स, ट्रांस्पोर्ट ऑपरेटर्स, ड्राइवर्स, ट्रेफिक पुलिस एवं सभी सम्बन्धित लोगों के आपसी सहयोग व समन्वय हेतु गंभीरतापूर्वक कदम उठाने व बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए संदर्भित मुद्दों को देखकर उचित आवश्यक एवं नियमानुसार कार्यवाही हेतु मुख्य सचिव राजस्थान सरकार व प्रमुख शासन सचिव शिक्षा विभाग को निर्देश दिए गये।

4. परिवाद संख्या– 09/17/1842 में ***सेंट ऐंसलम स्कूल, मानसरोवर*** से जानकारी चाही कि क्या उनकी संस्था द्वारा माननीय उच्चतम न्यायालय के विशाखा बनाम राजस्थान राज्य में दिए गये दिशा–निर्देशों की अनुपालना में महिलाओं के शारीरिक और मानसिक शोषण सम्बन्धी शिकायतों के निवारण के लिए किसी कमेटी का गठन किया गया है ?

विविध विभागों से सम्बन्धित

1. परिवाद संख्या– 09/17/141 में नये एवं योग्य मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जुडवाने की कानूनी प्रक्रिया सुनिश्चित करने के सम्बन्ध में निर्वाचन विभाग से अपेक्षा की गई।

2. परिवाद संख्या– 08/17/3471 में जिला कलेक्टर, जयपुर को ईट भट्टा मजदूरों के हितों को ध्यान में रखते हुए माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार कार्य करने के निर्देश दिए गये।

3. परिवाद संख्या– 09/17/1408 में सरपंच द्वारा नियमानुसार कार्य नहीं किए जाने पर जिला कलेक्टर को अतिक्रमण के सम्बन्ध में कानूनसम्मत कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया।

4. परिवाद संख्या– 03/17/2212 में आयोग के आदेशों की अनुपालना में गृह विभाग ने परिवादी को नियमानुसार आर्थिक सहायता की स्वीकृति जारी कर आयोग को **सूचित** किया।

5. परिवाद संख्या– 08/06/3222 में आयोग के निर्देशानुसार विद्युत निगम द्वारा परिवादी को क्षतिपूर्ति के 5,16,572/– रूपये स्वीकृत किए जाकर **सूचित** किया गया।

6. परिवाद संख्या– 08/21/3987 में आयोग के निर्देशानुसार रिटायर्ड कर्मचारी को छठे वेतन आयोग के अनुसार पेंशन का निर्धारण कर आयोग को **सूचित** किया गया।

7. परिवाद संख्या– 09/05/224 में परिवादी को पेंशन परिलाभों व पेंशन का भुगतान करवाया जाकर आयोग को **सूचित** किया गया।

8. परिवाद संख्या– 08/22/2579 में नगर विकास न्यास द्वारा नियमानुसार कार्यवाही करते हुए परिवादी को भूखण्ड आबंटन का निर्णय लिया जाकर **सूचित** कि गया।

9. परिवाद संख्या– 09/17/1621 में सैन्ट्रल पार्क में प्रातःकालीन भ्रमण पर रोक लगाने के सम्बन्ध में पेश किए गये परिवाद पर अध्यक्ष, राजस्थान आवासन मण्डल को नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिए गये।

10. परिवाद संख्या– 09/17/1356 में अधिशासी अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभिांत्रिकी विभाग ने ग्रीष्म काल में उंचाई पर स्थित मकानों में पानी की सप्लाई नहीं पहुंचने की दशा में उपभोक्ताओं को टेंकर से पेयजल उपलब्ध करवा कर आयोग को **सूचित** किया गया।

11. परिवाद संख्या– 08/17/1827 में बजरी धुलाई संयंत्रों से हो रहे जल दोहन के सम्बन्ध में जिला कलेक्टर जयपुर को नियमानुसार कार्यवाही हेतु निर्देश दिए गये।

12. परिवाद संख्या– 09/04/464 में आयोग के निर्देशानुसार उप शासन सचिव, कार्मिक क (2) विभाग ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने अनुकम्पा नियुक्ति देकर आयोग को **सूचित** किया।

13. परिवाद संख्या– 08/25/1617 में आयोग के निर्देशानुसार जिला मजिस्ट्रेट, नागौर ने पीडिता को 25000/– रूपये की आर्थिक सहायता देकर **सूचित** किया।

14. परिवाद संख्या– 08/21/3617 में आयोग के निर्देशानुसार जिला मजिस्ट्रेट, झुझुनु ने पीडिता को 75000/– रूपये की आर्थिक सहायता देकर **सूचित** किया।

15. परिवाद संख्या– 08/05/438 में आयोग के निर्देशानुसार निदेशक, महिला एवं बाल विकास विभाग ने परिवादिया को बकाया ऐरियर का भुगतान कर आयोग को **सूचित** किया।

16. परिवाद संख्या–08/17/2353 में आयोग द्वारा दिए गये दिशा–निर्देशों की अनुपालना में ***परिवहन विभाग, राजस्थान*** द्वारा परिवहन निगम की बसों पर तम्बाकू के विज्ञापन प्रदर्शित करने वाले वाहनों के फिटनेस प्रमाण पत्र जारी नहीं करने के निर्देश देते हुए आयोग को **सूचित** किया।

17. परिवाद संख्या– 09/17/4014 में आयोग के निर्देश पर जिला कलेक्टर द्वारा परिवादी का नाम मतदाता सूची में जोडकर आयोग को **सूचित** किया गया।

18. परिवाद संख्या– 09/17/3338 में आयोग के निर्देशानुसार मुख्य अभियन्ता, जन संसाधन विभाग, राजस्थान, जयपुर द्वारा परिवादी को चयनित वेतनमान का लाभ दिया जाकर **सूचित** किया गया।

19. परिवाद संख्या– 09/17/2443 में आयोग के निर्देशानुसार परिवादी की पेंशन निर्धारित कर **सूचित** किया गया।

20. परिवाद संख्या– 08/25/189 में सफाई कर्मचारी थाना– मेडता सिटी का मासिक पारिश्रमिक 75/– रूपये से बढाकर 480/– रूपये किया जाकर आयोग को **सूचित** किया गया।

21. परिवाद संख्या– 09/25/2417 में बलात्कार पीडिता के परिवार को आर्थिक सहायता के रूप में 100,000/– रूपये स्वीकृत करवा कर व उसमें से 50000/– रूपये तुरन्त देकर आयोग को **सूचित** किया गया।

आयोग की वेबसाईट व सूचना का अधिकार अधिनियम 2006 के तहत् की गई कार्यवाही

आयोग के माननीय अध्यक्ष महोदय एवं सदस्यगणों का परिचय तथा सूचना के अधिकार के अन्तर्गत आयोग का संगठनात्मक ढांचा, स्वीकृत पदों का विवरण, कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियों का विवरण, आबंटित बजट एवं व्यय तथा कार्यवाही की प्रक्रिया का विवरण यूजर्स गाइड में आयोग की वेबसाईट www.rshrc.nic.in पर उपलब्ध है।

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत लोक प्राधिकारी अधिकारी :–

1. उप पंजीयक – सहायक लोक सूचना अधिकारी
2. उप सचिव – लोक सूचना अधिकारी
3. सचिव – विभागीय अपीलान्ट ऑथोरिटी

दिनांक– 1.4.2009 से 31.3.2010 तक सूचना के अधिकार के अन्तर्गत 66 आवेदन पत्र प्राप्त हुए, जिनका सहायक लोक सूचना अधिकारी के द्वारा दी गई सूचना के अनुसार निस्तारण किया गया। जिनमें से 2 प्रथम अपील में निर्णीत हुई और 2 द्वितीय अपील में राज्य सूचना आयोग में विचाराधीन है।

राजस्थान राज्य मानव अधिकार आयोग, जयपुर

दिनॉकः 24–9–2009 परिवाद सॅख्याः09 / 17 / 2560

एकल पीठ

न्यायमूर्ति श्री एन. के. जैन, अध्यक्ष

समाचार पत्र राष्ट्रदूत दैनिक दिनॉक 5–9–2009 को जनवाणी कालम में छपी खबर ''बालकों के बस्ते का बढता बोझ मानव अधिकार का सीधा हनन'' लेख में जहॉ स्कूलो में भारी फीसो की बढोतरी का जिकरा किया है, उसके साथ साथ बालको के बस्ते के बोझ को पॉच किलोग्राम से पन्द्रह किलोग्राम तक का बताया हैं । उनका गृहकार्य का भार निरन्तर बढ रहा हैं, नतीजा उन्हे खेलने का समय बिल्कुल नही मिल पाता हैं । स्कूल सामग्री उन्ही के द्वारा निर्धारित दूकानों से लेने, स्कूलो में बढते ग्लेमर एवं शिक्षा के व्यवसायिकरण के कारण बच्चो के मस्तिष्क पर अवॉछित भार डाला जा रहा हैं । भारी बैग से बच्चों के कन्धे, गर्दन और लोअर बेकपेन रहने के साथ साथ उसका एलाइन्मेन्ट भी बिगड रहा हैं । इस तरह उनके स्वास्थ्य को हानि पॅहुचाई जा रही है। डाक्टरों की राय के अनुसार बच्चा चिडचिडा होकर डिप्रेशन तक का शिकार हो सकता हैं । लेख में इसी क्रम में कई सुझाव दर्शाये हैं । जिनका सीधा सम्बन्ध बच्चों के मानव अधिकारो के हनन की ताईद में आता हैं।

लेख में वर्णित तथ्यों के आधार पर न्यायहित में प्रसॅज्ञान लिया जाता हैं ।

आज के बच्चे कल के भावी नागरिक व देश का भविष्य है उनके चहुमूखी विकास की जरुरत है इसके लिए सरकार प्रयत्नशील भी है । शिक्षा के क्षैत्र में नीति निर्धारण करने व निर्णय लेने का कार्य सरकार का हैं । उक्त समाचार पत्र में बच्चों के हित में दर्शाई गई ग्राउण्ड रियलिटी व धारणा को नकारा नही जा सकता ।

अतः इस आदेश के साथ समाचार पत्र की कटिंग सम्बन्धित विभाग को भेजना मुनासिब हैं ।

यहॉ यह उल्लेखनीय है कि माह अक्टुबर 2005 में भी आयोग ने यह कहा था सिर्फ 1–2 कमरों में बिना खेल मैदान के स्कूल चलाना वाजिब है ? व जबाब चाहा था कि क्यों :–

- स्कूल जाने वाले मासूम बच्चे बस्तों के बोझ से दबे हैं ।
- बालवाडी के बच्चे पॉच साल से कम के है। उनके स्कूल का समय बडे बच्चो के मुकाबले कम नही हैं ।
- स्कूलो में बच्चों को प्रताडित किया जाता हैं ।
- स्कूलो में पीने का स्वच्छ पानी, शौचालय, मूत्रालय, साफ सफाई एवं पॅखे की व्यवस्था नही हैं।

आयोग के उपरोक्त दिशा निर्देशों का कुछ हद तक पालन भी हुआ हैं, परन्तु अभी बहुत कुछ किया जाना शेष है, जिसके लिए सबंधित अधिकारीगण, स्कूल प्रशासन, टीचर्स, पेरेन्ट्स, ट्रान्सपोर्ट ऑपरेटर्स, ड्राईवर्स, ट्रेफिक पुलिस एवं सभी सबंधित लोगों के आपसी सहयोग और समन्वय के सबंध में गंभीरतापूर्वक कदम उठाने की अति आवश्यकता है।

अतः न्यायहित में इस आदेश की प्रति के साथ अखबार कटिंग की प्रति मुख्य सचिव, राजस्थान सरकार, जयपुर एवं प्रमुख शासन सचिव, शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार को प्रेषित कर लिखा जावे कि बच्चों के सर्वांगिण विकास के लिये सन्दर्भित मुद्दों को देखकर उचित आवश्यक एवं नियमानुसार कार्यवाही अपेक्षित हैं। परिवाद निस्तारित किया जाता हैं।

(जस्टिस एन.के.जैन)
अध्यक्ष

"मनुष्य स्वतन्त्र पैदा हुआ है लेकिन सर्वत्र,
वह जंजीरों से जकड़ा हुआ है।"

(रुसो)

"मानवता" को विकसित करने,
हों रक्षित मानवअधिकार।
जन-हित, गाँधी द्वारा कल्पित,
रामराज्य तब हो साकार॥

महिला में हो जब विश्वास।
तेजी से हो देश का विकास॥

राजस्थान राज्य मानव अधिकार आयोग, जयपुर

दिनांकः 5.10.2009

परिवाद संख्या– 09/32/1236
परिवाद संख्या– 09/32/1247

खण्डपीठ

न्यायमूर्ति श्री एन.के.जैन, अध्यक्ष
श्री पुखराज सीरवी, सदस्य

बंदी वसीम उर्फ चूहा पुत्र शराफत अली की ईलाज के दौरान अस्पताल में हुई मृत्यु की सूचना आयोग को प्राप्त होने पर आयोग के आदेश दिनांक 21 मई 2009 के द्वारा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, उदयपुर से वस्तुस्थिति की रिपोर्ट चाही गई।

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की ओर से रिपोर्ट संलग्न पत्र दिनांक 6.8.2009 के द्वारा आयोग को भेजी गई। जिसके साथ जांच अधिकारी न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम–2 दक्षिण उदयपुर की रिपोर्ट संलग्न की गई।

रिपोर्ट का अवलोकन किया। जांच अधिकारी द्वारा मौके पर जाकर जांच की गई। इसके उपरान्त कोर्ट में दिए गये गवाहों के बयानों का अवलोकन किया। इन आधारों पर जांच अधिकारी ने यह पाया कि *'मृतक वसीम उर्फ चूहा की मृत्यु उसके शरीर पर कारित हुई चोटों से हुई है, जिसमें मुताबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्रदर्श– पी1 चोट संख्या–3 जो मृतक के सीने में बायीं तरफ धारदार हथियार से कारित होकर फेफडे से ह्दय तक गहरी होने से अतधिक मात्रा में रक्त के बहने से हुई है..'*/ जांच अधिकारी ने उक्त रिपोर्ट के साथ अधीक्षक केन्द्रीय कारागार की रिपोर्ट, लाश का पंचनामा, बयानात गवाहान, बंदियों की सूचना, फर्द सुपुदर्गी लाश, पोस्टमार्टम रिपोर्ट संख्या– 343–पीएमआर–09, फर्द पंचायतनामा आदि की रिपोर्ट भी संलग्न की गई है।

इसी मामले में क्षतिपूर्ति हेतु एक अन्य पत्रावली संख्या– 09/32/1247 भी दर्ज हुई थी। जिसमें आयोग द्वारा वस्तुस्थिति की रिपोर्ट चाही गई थी। जिसकी पालना में अधीक्षक, केन्द्रीय कारागृह, उदयपुर की रिपोर्ट दिनांक– 25.6.2009 व पुलिस अधीक्षक की रिपोर्ट दिनांक– 30.6.09

प्राप्त हुई है। जिसमें बताया गया है कि यह घटना जेल में ना होकर अदालत परिसर में बन्दी हवालात में पुलिस संरक्षण के दौरान हुई थी और इस सम्बन्ध में पुलिसकर्मी रोशन लाल हेड कानि0 को निलम्बित कर उसके विरूद्व विभागीय कार्यवाही की जा रही है। यह भी बताया कि इसी मामले में अभियुक्त इमरान के विरूद्व धारा– 302 भा.दं.सं. में आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया जा चुका है।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्राप्त जांच रिपोर्ट व पुलिस/ कारागार से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर यह तो स्पष्ट है कि कथित घटना में विचाराधीन बंदी वसीम उर्फ चूहा की मृत्यु धारदार हथियार से चोट कारित होने की वजह से हुई। यह घटना जेल में नहीं, बल्कि कोर्ट पेशी हेतु बने हवालात में हुई थी। मामले के अभियुक्त के विरूद्व आरोप पत्र पेश हो चुका है व प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। सम्बन्धित दोषी पुलिसकर्मी के विरूद्व भी निलम्बन की कार्यवाही व विभागीय जांच जारी होना बताया गया है। फिर भी प्रशासन की यह जिम्मेदारी है कि वे बंदियों की जेल में, उन्हें कोर्ट ले जाते समय व हवालात में सुरक्षा का पुख्ता इन्तजाम करें और उन तक किसी प्रकार का हथियार ना पहुंचे। इस हेतु प्रभावी उपाय सुनिश्चित करें, जिससे आयंदा ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो।

अतः पुलिस अधीक्षक उदयपुर व अधीक्षक केन्द्रीय कारागार को इस आदेश की प्रति भेजकर निर्देश दिए जाते हैं कि वे इस सम्बन्ध में कानूनसम्मत कार्यवाही कर आयोग को अविलम्ब सूचित करें। इस आदेश की प्रति महानिदेशक (पुलिस) व महानिदेशक (जेल) को भी नियमानुसार उचित कार्यवाही हेतु भेजी जाये।

पत्रावली का इसी प्रकार निस्तारण किया जाता है। सम्बन्धित अधिकारियों को सूचित किया जाये।

(पुखराज सीरवी)
सदस्य

(जस्टिस एन.के.जैन)
अध्यक्ष

''मानवता ही मेरी जाती है, यही मेरा धर्म है और इंसानियत ही मानवता है।''

राजस्थान राज्य मानव अधिकार आयोग, जयपुर

दिनांकः 25–11–2009 परिवाद संख्या– 09/04/2775

खण्डपीठ

न्यायमूर्ति श्री एन.के.जैन, अध्यक्ष
श्री पुखराज सीरवी, सदस्य

आयोग के आदेश दिनांक 22.10.2009 की पालना में उप रजिस्ट्रार (नियम) सहकारी समितियां, राजस्थान जयपुर का पत्र दिनांक 18.11.2009 प्राप्त हुआ है। जिसके साथ रजिस्ट्रार कार्यालय के निर्देश दिनांक 13.10.2005 की प्रति भी संलग्न की गई है। बताया गया है कि उक्त निर्देश राज्य मानव अधिकार आयोग के परिवाद संख्या– 04/17/1694 में दिए गये आदेशों की अनुपालना तत्कालीन रजिस्ट्रार द्वारा राज्य के समस्त संयुक्त/उप/सहायक रजिस्ट्रार को भेजकर लिखा गया था कि वे ऐसी संस्थाओं का पंजीयन न करें जिनके नाम राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग या राज्य मानव अधिकार आयोग के मिलते जुलते हुए शब्दों का प्रयोग किया गया हो, जिससे आमजन में भ्रम की स्थिति उत्पन्न नहीं हो।

पुलिस अधीक्षक, बांसवाडा द्वारा आयोग के उक्त आदेश दिनांक 22.10.2009 की पालना में वस्तुस्थिति देखकर की गई कार्यवाही से अवगत नहीं कराया गया है। न्यायहित में एक अवसर और प्रदान किया जाता है। इस आदेश की प्रति पुलिस अधीक्षक को भेजकर लिखा जाये कि वे मामले की वस्तुस्थिति एवं की गई कार्यवाही से आयोग को अवगत करावें।

(पुखराज सीरवी)
सदस्य

(जस्टिस एन.के.जैन)
अध्यक्ष

Ahimsa is the highest duty. Even if we can not practice it in full, we must try to understand its spirit and refrain as far as is humanly possible from violence.
-Mahatma Gandhi

राजस्थान राज्य मानव अधिकार आयोग, जयपुर

दिनॉकः 30–12–2009 परिवाद सॅख्याः 09/17/3375

एकल पीठ

न्यायमूर्ति श्री एन. के. जैन, अध्यक्ष

परिवादीगण धन्ना जी, बाबूलाल, गजाधर भारत व अन्य ने उपस्थित होकर बताया कि कठपुतली समाज के 500 परिवार है जो मुख्यतः पानीपेच, कठपुतली कोलोनी ज्योती नगर एवं सिन्धीकेम्प में रहते हैं और कठपुतली कला को प्रदर्शित करते हुऐ संस्कृति के अलावा रोजी रोटी कमाते हैं । कॉग्रेस के महासचिव से पूर्व में कठपुतली कलाकारो को स्थाई रूप से बसाने की मॉग पर उनके द्वारा आवश्यक कार्यवाही करने की अपेक्षा पर जयपुर विकास प्राधिकरण ने समाज की समिति से पुर्नवास या ग्राम बसाने के लिये पूछा तो हमने कहा कि कठपूतली ग्राम बना दो और अपने परिवारों की सूची भी दी । लेकिन कई तकाजो के बावजूद कोई कार्यवाही नही हुई । ऐसा लगता है कि उन्होने यह भी बताया कि कठपूतली नगर ज्योतीनगर में हमारे समाज के अलावा अन्य कई लोग भी रहते हैं । उनका सहयोग नही होने से शायद यह ग्राम बनाने की स्कीम क्रियान्वित नही हो पा रही हैं । क्योंकि उनका हमें सहयोग नही है, उल्टा वे हमें डराते धमकाते है और प्रार्थना की है कि कठपुतली ग्राम अलग से बना दिया जावे, जिससे मकान बनाकर रह सकें तथा एक विस्तृत परिवाद के साथ विभिन्न दस्तावेजात की प्रतियाँ पेश की ।

पत्रावली का अवलोकन किया। परिवादीगण की प्रार्थना को देखकर उसके क्रियान्वयन की जिम्मेदारी कल्याणकारी राज्य में सरकार की ही हैं । इन परिस्थितियों में न्यायहित में परिवाद की प्रति आयुक्त, जयपुर विकास प्राधिकरण को मामले की वस्तुस्थिति देखकर कानून सम्मत कार्यवाही करने के लिये प्रेषित की जावें। परिवाद निस्तारित किया जाता हैं। परिवादी को सूचित किया जावें।

(जस्टिस एन.के.जैन)
अध्यक्ष

राजस्थान राज्य मानव अधिकार आयोग, जयपुर

दिनांकः 10–2–2010 परिवाद संख्या– 09/17/2000

एकलपीठ

न्यायमूर्ति श्री एन.के.जैन, अध्यक्ष

आयोग के आदेश दिनांक– 31.7.2009 की पालना में चिकित्सा शिक्षा (ग्रुप–1) विभाग की रिपोर्ट 31.8.2009 व सवाई मानसिंह अस्पताल की रिपोर्ट दिनांक– 3.9.2009 का अवलोकन किया गया व उपस्थित परिवादी बसन्त हरियाणा को भी सुना गया।

एस0एम0एस0 से प्राप्त रिपोर्ट के पैरा–1 लगायत 9 में बताया है कि (पैरा–1).... राज्य सरकार द्वारा चिकित्सकों के घर परामर्श हेतु निर्धारित शुल्क की दर तय की हुई है व निजी प्रेक्टिस पर रोक लगाने का प्रकरण राज्य सरकार के स्तर से लिया जाता है। (पैरा–2) ..... चिकित्सालय में 24 घण्टे ब्लड उपलब्ध कराने की सुविधा रहती है। (पैरा–3)..... चिकित्सक या नर्सिंग स्टाफ किसी निश्चित लैब से जांच कराने या दवाईया लाने के लिए नहीं कहते और ऐसी शिकायत पर कार्यवाही/स्थानांतरण किये जाते है । रिपोर्ट (पैरा–4).....में यह भी बताया है कि अस्पताल में स्ट्रेचर की कोई कमी नहीं है और यह सुविधा निःशुल्क उपलब्ध है। (पैरा–5) .....चिकित्सालयकर्मियों द्वारा अभद्र व्यवहार की शिकायतों पर कार्यवाही की जाती है। (पैरा–6)..... आपरेशन से पहले ही मरीज के परिजनों को सम्बन्धित आवश्यक दवाईयों के बारे में जानकारी दे दी जाती है । रिपोर्ट (पैरा–7) .... के अनुसार आई0सी0यू0 में कार्यरत स्टाफ के लिए पृथक से स्लीपर और मास्क उपलब्ध कराये जाते है। (पैरा–8) ...अस्पताल परिसर में पार्किंग व्यवस्था ठीक है। (पैरा–9) .... शौचालय अथवा पीने के पानी की व्यवस्था निजी एजेंसी द्वारा करवाया जाता है ।

Health is a Human Right और एक कल्याणकारी राज्य के लिए यह जरूरी भी है कि वह हर नागरिक को बेहतर चिकित्सा सुविधा मुहैया कराये। साथ ही, ग्राउण्ड रियलिटीज को देखकर आपसी सहयोग से समस्याओं का निराकरण किया जाये, यह जिम्मेदारी प्रशासन के साथ–साथ सरकार भी है। इसलिए आयोग यह अपेक्षा करता है कि

1. अस्तपाल में डाक्टर्स समय पर उपस्थित रहे।

2. ब्लड बैंक में उपलब्ध ब्लड की ग्रुपवाइज यूनिट का वर्णन सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित रहे, तो पारदर्शिता के साथ–साथ मरीजों को अधिक सुविधा होगी ।

3. चिकित्सक व नर्सिंग स्टॉफ अटेंडेंट को किसी निश्चित लैब से जांच कराने अथवा दवाई लाने हेतु बाध्य नहीं करें,।

4. यह अस्पताल प्रशासन का दायित्व है कि लाईफ सेविंग मेडिसिन अस्पताल की हर मंजिल पर किफायती और एक जैसे दामों पर उपलब्ध करायें।

5. यह सही है कि चिकित्सक व नर्सिंगकर्मी लैब में या ऑपरेशन थियेटर में जूते–चप्पल खोल कर ही प्रवेश करते हैं। फिर भी ऐसी प्रभावी व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाये कि जिससे मरीजों में इन्फेक्शन की संभावना नहीं रहे।

6. कर्मचारी यद्यपि सेवाभाव से कार्य करते हैं, फिर भी उनके व्यवहार में विनम्रता लाने हेतु समय–समय पर दिशा–निर्देश जारी किए जायें।

7. आपरेशन हेतु सामान्य सामग्री जैसे– कॉटन, बेंडेज, कटर, डिटोल, ग्लूकोज की बोतलें, जीवन रक्षक दवायें और इन्जेक्शन, एनेस्थीसिया सामग्री आदि आमतौर पर ऑपरेशन थियेटर में ही उपलब्ध होती है। इसके बावजूद अस्पतालकर्मियों द्वारा इनका उपलब्ध ना होना बताकर यह सामग्री बाहर से मंगवाते हैं। इसलिए अपेक्षा की जाती है कि ऐसी सामग्री का सुव्यस्थित इन्डेंड रखा जाये और सामग्री की उपलब्धता की समय–समय पर चैकिंग व मोनिटरिंग करवाते रहे।

8. जनहित में पार्किंग शुल्क को और न्यायसंगत करने और ठेकेदारों द्वारा अभद्र व्यवहार की रोकथाम हेतु प्रभावी कदम उठाये जायें।

9. सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु ठेकेदारों व कर्मचारियों पर सुपरविजन हेतु सक्षम अधिकारी को नियुक्त किया जाये और उनके काम को आकंने का कोई मापदण्ड स्थापित किया जाये।

अस्पताल की सुव्यवस्था बनाये रखने के लिए आम नागरिकों की भी यह जिम्मेदारी है कि वे अस्पताल परिसर में शांति व्यवस्था कायम रखे, साफ–सफाई, धूम्रपान रोकने और

पान–गुटका नहीं थूकने जैसे अपने कर्तव्यों का पालन करें क्योंकि सवाई मानसिंह अस्पताल राज्य का सबसे बडा अस्पताल है, जिसमें न केवल राजस्थान से बल्कि पडौसी राज्यों के भी मरीज बडी संख्या में ईलाज के लिए आते हैं।

उल्लेखनीय है कि आयोग द्वारा विभिन्न परिवादों में समय–समय पर अस्पताल में सुव्यवस्था के निर्देश दिए है, जिनमें से कुछ निम्न है :–

1. परिवाद संख्या– 07/17/2260 में सोर्स के अभाव में कैंसर मरीजों के ईलाज में हो रही परेशानियों के सम्बन्ध में ।

2. परिवाद संख्या– 08/17/1669 में चिकित्सक द्वारा मरीजों से अधिक फीस वसूलने, रसीद नहीं देने और अभद्र व्यवहार करने के सम्बन्ध में।

3. परिवाद संख्या– 08/17/1193 में वी.सी.टी.टी., पी.पी.टी.सी. व ब्लड बैक में सलाहकार व लैब टेक्निशियन की समस्याओं के बारे में ।

4. परिवाद संख्या– 07/17/1516 में मरीजों के ईलाज के मामलों में अनावश्यक कागजी कार्यवाही नहीं करने के सम्बन्ध में।

5. परिवाद संख्या– 05/17/3038 व 05/01/3234 में एड्स की रोकथाम के लिए किए गये प्रचार–प्रसार व ईलाज की सुविधा से एड्स के मरीजों की संख्या में बढोतरी हुई या कमी के सम्बन्ध में?

6. परिवाद संख्या–08/17/1819 में रेजिडेन्ट डाक्टर्स द्वारा दिनांक 8.6.2008 को की गई हडताल के सम्बन्ध में **जयपुर एसोसियेशन ऑफ रेजिडेन्ट डाक्टर्स** को अपंजीकृत संगठन एवं *Legal Entity* और *Locus Standi* के अभाव में *Null & Void* होना पाये जाने पर हडताल के लिए कथित एसोसियेशन के अध्यक्ष/पदाधिकारियों को उत्तरदायी मानते हुए रेजीडेन्ट डाक्टर्स को आत्मचिंतन करने के निर्देश के साथ–साथ, मेडिकल कॉलेज प्रशासन को अनुशासनात्मक कार्यवाही करने की स्वतंत्रता के सम्बन्ध में।

7. परिवाद संख्या–08/17/2927 में एस0एम.एस.एच0 लेब में उपलब्ध अत्याधुनिक उपकरणों के संचालन एवं देखभाल के सम्बन्ध में।

8. परिवाद संख्या–08/17/1542 में हैड द्वारा लेट राउण्ड लेने से मरीज की एक डोज मिस होने जैसी स्थिति को देखते हुए सम्बन्धित डाक्टर्स से अपेक्षा की गई कि वे ओ.टी. एवं ओ.पी.

डी. के दिनों को छोडकर समय पर राउण्ड ले, जिससे परिजनों के मिलने के समय किसी प्रकार की असुविधा ना हो।

9. परिवाद संख्या– 07/17/2260 में अपेक्षा की गई कि अस्पताल में खराब पडी मशीनों को ठीक करवाने और मेंटीनेंस के लिए अलग से बजट प्रावधान का ध्यान रखा जाये ताकि मरीजों का समय पर ईलाज संभव हो व फिलहाल खराब पडी मशीनों के कलपुर्जे बदलवाने और सामग्री उपलबध कराने की कार्यवाही की जाये।

उपरोक्त निर्देशों के अनुक्रम में हालांकि अस्तपाल प्रशासन ने प्रभावी कदम उठाना बताया है। परन्तु वास्तव में अस्पताल की विभिन्न ईकाईयों की विभिन्न मशीनें ठीक प्रकार से काम नहीं कर रही या लाईसेंस की प्रक्रिया की वजह से लाखों–करोडों रूपयों की मशीनों का समय पर सुदपयोग नहीं हो पा रहा है। इस प्रकार मरीजों के परीक्षण व ईलाज में जो डिले हो रहा है, वह प्रथम दृष्टया असंवेदनशीलता दर्शाता है, जो राज्य सरकार की सुशासन देने की मंशा के अनुरूप नहीं है। इस प्रकार उक्त तथ्यों से यह साफ जाहिर है कि अस्पताल की सुव्यवस्था में अभी आपसी तालमेल और सभी के सहयोग से सुधार की काफी गुंजाइश है।

अतः राज्य सरकार व अस्पताल प्रशासन से अपेक्षा की जाती है कि वह उपरोक्त निर्देशों के अनुरूप सुधारात्मक कदम उठाकर आयोग को दो माह में सूचित करेंगे।

परिवाद का इसी प्रकार निस्तारण किया जाता है। आदेश की प्रति मुख्य सचिव व प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग–राजस्थान, जयपुर, अधीक्षक–सवाई मान सिंह अस्पताल व परिवादी के साथ–साथ माननीय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री–राजस्थान सरकार को भेजकर सूचित किया जाये, जिससे वे आमजन के हित में दिशा–निर्देश दे सकें।

(जस्टिस एन.के. जैन)
अध्यक्ष

I am endeavouring to see God through service of humanity, for I know that God is neither in heaven nor down below, but in every one.

-Mahatma Gandhi

राजस्थान राज्य मानव अधिकार आयोग, जयपुर

परिवाद संख्या– 10/11/719

एकलपीठ

न्यायमूर्ति श्री एन.के.जैन, अध्यक्ष

परिवादी बाबु हुसैन कुरेशी सचिव, मदरसा इस्लामिया, अम्बेडकर सर्किल के पास, तारानगर – चुरू ने अशोक चिन्ह लगे डोकेट जिस पर राजस्थान सरकार भी लिखा है तथा कार्यालय का नाम HUMAN RIGHT COMMISSION RAJASTHAN JAIPUR लिखा है तथा Ref. 28/HRC/294/2010 Dt. 30/1/2010 की फोटोप्रति पेश करते हुऐ उक्त जारी पत्र के बारे मे जानकारी प्राप्त करने एवं उनके क्रियान्वयन करने बाबत परिवाद पेश किया हैं ।

परिवाद के साथ सॅलग्न फोटोप्रति का अवलोकन किया । जिसमें एम्पलोईज की जानकारी, बच्चों की जानकारी दिनॉक 12–2–10 तक चाही हैं । जबकि राज्य मानव अधिकार आयोग द्वारा इस तरह का कोई पत्र नही भेजा गया और न ही आयोग अधिकृत हैं । आयोग कार्यालय में डिप्टी डाईरेक्टर, उर्दु का कोई पद सृजित नही हैं । पत्र में उल्लेखित तथ्यों से प्रथम दृष्टया गुमराह व मिसगाईड करने व अपने फायदे के लिये दूसरे को नुकसान पॅहुचाने की गरज से किया गया कृत्य हैं। ऐसे जारी हुऐ पत्र को आयोग गम्भीरता से लेता हैं ।

परिवाद की प्रति पुलिस अधीक्षक, चुरू को प्रेषित कर लिखा जावे कि मामले की वस्तुस्थिति देखकर कानून सम्मत कार्यवाही करें तथा की गई कार्यवाही से आयोग को दिनॉक 12–5–2010 तक अवगत करावें । परिवादी को सूचित किया जावे ।

परिवाद दिनॉक 14–5–2010 को पेश हो ।

(जस्टिस एन.के. जैन)
अध्यक्ष

राजस्थान राज्य मानव अधिकार आयोग, जयपुर

परिवाद संख्या– 10/17/672

खण्डपीठ

न्यायमूर्ति श्री एन.के.जैन, अध्यक्ष
श्री डी0एस0 मीणा, सदस्य

पत्रावली खण्डपीठ में रखी गई। परिवाद का अवलोकन किया गया।

मॉ माधुरी ब्रज वारिस सेवा सदन 'अपना घर', अछनेरा रोड, बझेरा, भरतपुर की ओर से संस्थापक डा0 बी0एम0 भारद्वाज ने यह परिवाद पेश किया है। जिसमें बताया है कि राजस्थान में सडकों पर विभिन्न स्थानों पर मिल रहे असहाय, मंदबुद्वि, मनोरोगी, निःशक्तजन एवं लावारिसों को वे अपने यहां लाते है और उनकी समुचित देखभाल करते हैं। ऐसे बेसहारा लोग अपना नाम व पता बताने की स्थिति में नहीं है, उन्हें रखने के लिए कोई तैयार नहीं है, उनके पास मूल निवास प्रमाण पत्र, राशनकार्ड या बीपीएल कार्ड नहीं है, इस कारण से वे राज्य की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने व अपने अधिकारों से वंचित रह जाते हैं। इस प्रकार यह परिवाद ऐसे बेसहारा लोगों को राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के बारे में पेश किया है।

माननीय उच्चतम न्यायालय ने कई न्यायिक विनिश्चयों में आर्टिकल– 21 के अन्तर्गत *Right to Live, Right to Livlihood, Rights to Medical care* जैसे मौलिक अधिकारों के साथ–साथ सर्वोच्च प्राथमिकता पर *Rights to public health* उपलब्ध कराने के निर्देश दे रखे हैं।

इस आयोग द्वारा पूर्व में परिवाद संख्या– 01/08/356 एवं 03/12/2423 में अंध विद्यालयों में पढने वाले छात्रों की आंखों का पीरीयोडिकल चैक अप व निःशुल्क उपचार के सम्बन्ध में माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा सिविल अपील संख्या– 679/04 में दिए गये निर्देशों के अनुरूप कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया था। तत्पश्चात् परिवाद संख्या– 06/17/3305 में सभी आवासी मंदबुद्वि बच्चों की समय–समय पर मेडिकल जांच कराने और समुचित ईलाज की व्यवस्था हेतु समाज कल्याण विभाग व अधीक्षक– मानसिक विमंदित महिला एवं बाल कल्याण पुनवार्स गृह को लिखा गया

था। इसके बाद भी परिवाद संख्या– 07/17/2624 में एक मनोरोगी को अपने निजी चिकित्सक की निगरानी में चैकअप करवाने हेतु पुलिस अधीक्षक, जयपुर दक्षिण, जयपुर को निर्देशित किया गया था।

